छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

सोमवार, दिनांक 2 फरवरी, 2009

(माघ - 13, शक संवत् 1930)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष महोदय ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 2 फरवरी, 2009 की निम्नांकित सिफारिशों से सदन को अवगत कराया :-

वित्तीय कार्य	निर्धारित समय
1. वर्ष 2008-2009 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन विचार एवं पारण।	03 घंटे
2. वर्ष 2009-2010 के आय-व्ययक से संबंधित मंत्रियों के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हेतु निम्नानुसार समय का आवंटन किया गया :-	

01.	मुख्यमंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
02.	गृह मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
03.	संसदीय कार्य मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
04.	पंचायत मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
05.	खाद्य मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	03 घंटे
06.	कृषि मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
07.	स्वास्थ्य मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
08.	जल संसाधन मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
09.	वन मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	03 घंटे

10.	नगरीय प्रशासन मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
11.	आदिम जाति विकास मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	04 घंटे
12.	महिला एवं बाल विकास मंत्री से संबंधित मांगों के लिए	2 घंटे 30 मिनट

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि मंगलवार, दिनांक 10 फरवरी, 2009 से शुक्रवार, दिनांक 20 फरवरी, 2009 तक भोजन अवकाश नहीं होगा तथा सभा की बैठकें रात्रि 7.00 बजे तक होंगी।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

2. निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने पूर्व राष्ट्रपति श्री आर.वेंकटरमण, पूर्व राज्य सभा सदस्य श्री लखीराम अग्रवाल एवं अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री पंढरीराव कृदत्त के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष-श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्य मंत्री-श्री बृजमोहन अग्रवाल, सर्वश्री अजीत जोगी, नंदकुमार पटेल एवं दूजराम बौद्ध, सदस्य ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किए।

माननीय अध्यक्ष ने सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पूर्वाह्न 11.30 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 3 फरवरी, 2009 (माघ 14, शक संवत् 1930) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा